(খ) কর্তাবাবু কে ?

(গ) নবকুমারের ভগিনীর নাম কী ?

(ঘ) এই প্রহসনটিতে কয়টি স্ত্রী চরিত্র আছে ?

## ঘ—বিভাগ

( আভ্যন্তরীণ মূল্যায়নের পরিবর্তে )

( মূল্যাঙ্ক : ২০ )

১০। 'জাগ্রত দেবতা' গল্পটির বিষয়বস্তুর সঙ্গে নামকরণের যৌক্তিকতা বিচার কর।

অথবা

'স্মৃতি' গল্পটির নামকরণের তাৎপর্য বিশ্লেষণ কর।

১১। কর্তামশাইয়ের চরিত্রটি সংক্ষেপে আলোচনা কর।

১২। এক কথায় উত্তর দাও : ১×৪

(ক) "দেবকন্যা হৈয়া স্বর্গে না হইল স্থল।"

এই 'দেবকন্যা' কে ?

(খ) 'একেই কি বলে সভ্যতা ?'র প্রথমাঙ্কের অন্তর্গত প্রথম গর্ভাঙ্কের ঘটনাস্থল কোথায় ?

(গ) "মদমাংস খেয়ে ঢলাঢলি কল্লেই কি সভ্য হয় ?" উক্তিটি কার ?

(ঘ) "শাস্ত্র পড়াইয়া সভে এই কর্ম করে।
শ্রোতার সহিতে যম-পাশে বন্দী মরে॥"

*(নবদ্বীপ)*

উক্ত কবিতাটির পংক্তি কোন্ কবি রচনা করেছেন ?

***



Total No. of Printed Pages—4

**1 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2018**

( November )

# HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 101

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***7***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32/24

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40/30

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×3=24

(क) नारायण काहे भकति करों तेरा।
मेरि पामर मन माधव घन घन
घातुक पाप न छोड़ा॥
यत जीव जंगम कीट पतंगम
अग नग जग तेरि काया।
सब कहु मारि पूरत ओहि उदर
नाहिं करत भूत-दाया॥

( Turn Over )

**अथवा**

निर्गुन कौन देस कौ बासी?
मधुकर! कही समुझाय, सौंह दे बुझति साँच न हाँसी॥
को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी?
कैसो बरन, भेस है कैसो, किहि रस मैं अभिलासी?
पावेगो पुनि कियौ आपनौ, जो रे करेगौ गाँसी।
सुनत मौन है रह्यौ ठग्यौ सो, सूर सबै मति नासी॥

(ख) सबका दायित्व लिया मैंने अपने ऊपर
अपना दायित्व सौंप जाता हूँ मैं सबको
अब तक मानव-भविष्य को मैं जिलाता था
लेकिन इस अन्धे युग में मेरा एक अंश
निष्क्रिय रहेगा, आत्मघाती रहेगा
और विगलित रहेगा।

**अथवा**

वे लोहा पीट रहे हैं
तुम मन को पीट रहे हो
वे पत्तर जोड़ रहे हैं
तुम सपने जोड़ रहे हो
उनकी घुटन ठहाकों में घुलती है
और तुम्हारी घुटन?
उन्नींदी घड़ियों में चुरती है।

(ग) ''स्त्री और पुरुष का परस्पर विश्वासपूर्वक अधिकार रक्षा और सहयोग ही तो विवाह कहा जाता है। यदि ऐसा न हो, तो धर्म और विवाह खेल है।''

**अथवा**

''राजनीति। राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब कुछ नहीं है। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्व मानव के साथ व्यापक संबंध है।''



( Continued )



**2.** 'भ्रमरगीत' के आधार पर गोपियों की विरह दशा का वर्णन कीजिए। 7

**अथवा**

'''बिहारी सतसई' श्रृंगार, भक्ति और नीति की त्रिवेणी है।'' पाठ्यांश के आधार पर विवेचना कीजिए।

**3.** 'हालावाद' के अग्रणी कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता 'मेल कराती मधुशाला' के पठित अंशों के आधार पर उसका काव्य-सौन्दर्य निरूपित कीजिए। 11

**अथवा**

'अंधायुग' कविता का सारांश लिखकर कवि धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**4.** 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर ध्रुवस्वामिनी का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

**अथवा**

'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**5.** ''लक्ष्मीनाथ बेजबरुआ के बहुमुखी व्यक्तित्व को साहित्य की किसी एक विधा में बाँधना मुश्किल है।'' पठित निबंध के आधार पर इस उक्ति की समीक्षा कीजिए। 8

**अथवा**

रूपकुँवर ज्योतिप्रसाद अगरवाला का असमिया साहित्य तथा चलचित्र निर्माण में क्या अवदान है? स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : $4 \times 4 = 16$

(क) गोपियों ने ऐसा क्यों कहा है कि ''उद्धव मन नाही दस बीस''?



( Turn Over )

(ख) 'राम राज्य' में प्रकृति का व्यवहार कैसा था? संक्षेप में लिखिए।

(ग) "बड़े न हुजे गुनन बिनु, बिरद बड़ाई पाय।
कहत धतुरे सौं कनक, गहनौ गढ़यौ न जाय॥"
—भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का उद्देश्य क्या है?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) श्रीमंत शंकरदेव किस धर्म के प्रवर्तक थे?

(ख) हिन्दी साहित्याकाश में चंद्रमा का स्थान किस कवि को दिया गया है?

(ग) कबीरदास भक्तिकाल की किस धारा के प्रमुख कवि थे?

(घ) हिन्दी साहित्य में आधुनिक युग की मीरा किसे कहा गया है?

(ङ) हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं?

(च) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है?

(छ) असमिया समाज किस साहित्यकार को साहित्यरथी कहता है?

(ज) ध्रुवस्वामिनी नाटक के नाटककार कौन हैं?

**( In lieu of Internal Assessment )**

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'काव्यांजलि' में प्रस्तुत भजनों के आधार पर यह सिद्ध कीजिए कि कबीर अपने समय की सामाजिक परिस्थितियों के प्रति अत्यंत जागरूक थे।

(ख) लक्ष्मीनाथ बेजबरुआ का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ग) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की अभिनेयता पर प्रकाश डालिए।

* * *



Total No. of Printed Pages—4

**1 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2018**

( November )

# HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 101

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***7***

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32/24

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 40/30

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×3=24

(क) नारायण काहे भकति करौं तेरा।
मेरि पामर मन माधव घन घन
घातुक पाप न छोड़ा॥
यत जीव जंगम कीट पतंगम
अग नग जग तेरि काया।
सब कहु मारि पूरत ओहि उदर
नाहिं करत भूत-दाया॥

*( Turn Over )*